कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001
फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या/711F/XXV–12 (1–5)/2008 देहरादून : दिनांक 31 अक्टूबर, 2014

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी,
जिला निर्वाचन कार्यालय,
ऊधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड।

**विषयः–** **सूचना के अधिकार के अर्न्तगत चाही गयी सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्रों का हस्तान्तरण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक श्रीमती रामसुमरनी पत्नी श्री जीवन राम, वार्ड नं0 08 पुराने पावर हाउस के पास, टनकपुर, चम्पावत के सूचना के अधिकार संबंधी प्रार्थना पत्र दिनांक 22 सितम्बर, 2014 के आवेदन पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अर्न्तगत सूचनायें उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, की प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आवेदक द्वारा वांछित सूचना आपके कार्यालय से संबंधित है, जिसे सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अर्न्तगत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है।

अतः कृपया नियमानुसार वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

**पृ0संख्या 711F/XXV–12(1–5)/2008, तद्दिनांक।**
प्रतिलिपिः– श्रीमती रामसुमरनी पत्नी श्री जीवन राम, वार्ड नं0 08 पुराने पावर हाउस के पास, टनकपुर, चम्पावत को सूचनार्थ प्रेषित।

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

Addl. C.E.O S.O. Ele
10-10-14

सेवा में,

श्रीमान निर्वाचन अधिकारी

उत्तराखण्ड शासन देहरादून

(राधा रतूड़ी)
प्रमुख सचिव एवं
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
7-10-2014

**विषय– लोक सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत जानकारी के संदर्भ में। विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2007 निर्वाचन डयूटी से सामग्री जमा कर गेट से बाहर वापसी के समय हूई दुर्घटना की आर्थिक सहायता के सदंर्भ में।**

महोदय,

1. उक्त विषयक मेरे द्वारा मेरे पति की निर्वाचन के समय दुघर्टना की सूचना 01.03.2007 द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी उधम सिंह नगर को दी गई।
2. जिलाधिकारी कार्यालय के पत्रांक 592/29. वि0स0नि0 2007 /दुर्घटना सहायता / दिनांक 15 मई 2007 द्वारा कार्यवाही हेतु सूचित किया गया।
3. जिलाधिकारी चम्पावत के कार्यलय के पत्रांक 4617 / इक्कीस / 2007 (सा0 नि0) दिनांक 27.6.2007 द्वारा भी कार्यवाही हेतु सूचित किया गया था।
4. लगभग 07 वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने पर मेरे द्वारा दिनांक 30–5–14 को जिलाधिकारी उधम सिंह के इस सम्बन्ध में सूचना के अधिकार 2005 के अर्न्तगत कृत कार्यवाही की सूचना मांगी थी परन्तु 03 माह से अधिक समय बीत जाने पर भी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

अतः महोदय से निवेदन है कि उक्त संदर्भ में अभी तक निर्वाचन विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई तथा क्यों निर्धारित अवधि के अर्न्तगत मुझे कोई सूचना प्रेषित नहीं की गई इसकी जाँच करने तथा कृत कार्यवाही की एक प्रति मुझे भी उपलब्ध कराने की कृपा करेंगें।

दिनांक– 22/09/2014

भवदीय

श्रीमती रामसुमरनी पत्नी जीवन राम

वार्ड न0. 8 पुराने पावर हाऊस के पास

टनकपुर (चम्पावत)

संलग्नक– 1.सूचना अधिकार मे अर्न्तगत मांगी गई सूचना के प्रति
2. पंजीकरण पत्र की रसीद।
3. जिला निर्वाचन अधिकारी उधम सिंह नगर कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर को प्रेषित पत्र की प्रति।
4. प्रधानाचार्य रा0इ0का0 शक्ति फार्म उधम सिह नगर के अग्रसारित पत्र की प्रति
5. जिलाधिकारी / उधम सिह नगर / चम्पावत के पत्रों की प्रति

श्री सेमवाल
कृ. शीघ्र (initials) S.O.

भारतीय गैर न्यायिक

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तराखण्ड UTTARAKHAND    20AA 303637

सेवामें,

श्रीमान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी/लोकसूचनाअधिकारी
ऊधमसिंह नगर

विषयः- लोक सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी बाबत।

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2007 निर्वाचन डियूटी से सामग्री जमा कर वापसी के समय हुई दुर्घटना की आर्थिक सहायता के संदर्भ में।

महोदय,

(1) मैने 01-03-2007 को निर्वाचन डियूटी समय दुर्घटना की रिपोर्ट आपके कार्यालय में दर्ज करायी थी, कार्यालय के पत्रांक 592/29-वि0स0नि0/2007/दुर्घटना सहायता/दिनांक 15 मई 2007 के द्वारा कार्यवाही हेतु सूचित किया गया था जिसकी प्रति संलग्न है।

(2) जिलाधिकारी चम्पावत ने भी पत्र संख्या 4617/इक्कीस/2007 (सा0लि0) दिनांक 27-06-2007 को मेरे दुर्घटना मुआवजा के लिए आपकी आख्या हेतु निवेदन किया गया था। (संलग्न फोटो प्रति)।

परन्तु लगभग 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी मेरे पति या मेरे को कोई आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हुई है जबकि अब मेरे पति सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं।

कृपया मुझे अवगत कराया जाय कि मेरे प्रकरण पर आपके स्तर से क्या कार्यवाही की गई, प्रकरण कहाँ लम्बित है।. कृत कार्यवाही की प्रति भी उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।

दिनांकः- 30-5-2014

भवदीय

श्रीमती राम सुमरनी पत्नी जीवनराम
वार्ड न08 पुराना पावर हाऊस के पास
पो0 टनकपुर जिला चम्पावत

1818 27/05/14

राम सुमेर पु० स्व० केवल राम

ग्राम बक्सपुर (उन्नाव)

[signature] 27/05/14

अवि० 45
24/02/2009

सेवा में,

लोक सूचना निर्वाचन अधिकारी
ऊधमसिंह नगर।

विषय– दुघर्टना मुआवजा के सम्बन्ध में।

महोदय

उपरोक्त विषयक के सन्दर्भ में निवेदन है कि मैंने 01/03/2007 को निर्वाचन डयूटी के समय दुर्घटना की रिर्पोट आपके कार्यालय में दर्ज करायी थी। तीन माह गुजरने के बाद मेरी पत्नी ने 9 जून 2007 तथा 14/09/2007 में मुआवजा हेतु जन शिकायत एवं सुझाव प्रकोष्ठ में माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय देहरादून में अपना आवेदन पत्र भेजा था। मेरी शिकायत संख्या जी/1598/2007(1) है। आपके कार्यालय के विशेष अधिकारी के पत्र संख्या जी/1598/यू0म0का0ज0आ0/2007–08 तथा उपसचिव के पत्र संख्या 661/मु0य0का0/वि0को0/2007–08 के द्वारा (प्रति संलग्न) आर्थिक के सन्दर्भ में सक्षम अधिकारी/जिला अधिकारी चम्पावत को 15 दिनों के अन्दर स्पष्ट आख्या देने हेतु निर्देश दिया गया। परन्तु अब तक लगभग 5 वर्ष बीत जाने पर भी मुझे न तो कोई आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है और न ही कोई सूचना प्राप्त हुई है। ऐसी स्थिति में जब कि मेरे पति की दुर्घटना हुए 5 वर्ष बीत चुके हैं कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई है। जबकि मेरा 5 लोगों का परिवार है 2 बेटे महाविद्यालय खटीमा में पढ़ते हैं। एक लड़की मानसिक रूप से अस्वस्थ है तथा मैं भी शुगर की बिमारी से पीड़ित हूं। मेरे पति का इलाज अब भी चल रहा है। आय का अन्य कोई साधन नहीं है। मेरा परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा है। एक मात्र मेरे सहारा माननीय महोदय की आर्थिक सहायता का है।

अतः पुनः प्रार्थना है कि मेरे प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करने की कृपा करे। जिसके लिए में सदैव आपकी आभारी रहूंगी।

मेरा पता – श्री जीवन राम
पुराने पावर हाउस के पास
वार्ड नं0 8 शारदा रोड टनकपुर (चम्पावत)

प्रार्थिनी
राम सुमरनी
राम सुमरनी
पत्नी श्री जीवनराम

New BEO

भारतीय डाक
INDIA POST

TANAKPUR SO <262309>
RLAD A ...519
Counter No:1,OP-Code:01
**************************
INDIA POSTAGE
Amount:Rs25.00
**************************
24/02/2009 10:36
...grams To : UDAM SINGH NAGAR

RL TANKPUR <262309>
A RV599131263IN
Counter No:1,OP-Code:PA1
To:JILA N ADHIKARI,LOK S ADHIKAR
RUDRAPUR, PIN:274204
From:RAMSUKRANI , TNP
Wt:20grams,
PS:22.00, , 30/05/2014 , 13:20
<<Track on www.indiapost.gov.in>>

भारतीय डाक
India Post

# शिकायत पत्र का प्रारूप

1— शिकायतकर्त्ता का नाम-- श्रीमती रामसुमरनी पिता / पति का नाम...श्री जीवन राम

2. शिकायतकर्त्ता का पता --

ग्राम / कस्बा / शहर टनकपुर मोहल्ला वार्ड नं. 3 पुराना पावर हाउस के पास

पो0आ0 टनकपुर

विकास खण्ड चम्पावत , तहसील. - टनकपुर

जिला चम्पावत ।

3. क्षेत्रीय कार्यालय में प्रथम शिकायत करने की तिथि-- 26/02/2007 एवं 01/05/07

4. क्षेत्रीय कार्यालय का पता -- जिला मजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी ऊधमसिंहनगर

5. शिकायत का संक्षिप्त विवरण -- मेरे पति श्री जीवनराम दफ्तरी प्र०स०रा० प्रतिफार्म उ० सि० नगर की चुनाव ड्यूटी के दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई दुर्घटना बाँया पैर टूटना, आपरेशन, रौड डाली गई 22/2/07 को प्रकार से विकलांग हैं 3 माह से वेतन भी नहीं, सरकारी स्तर से कोई भी दुर्घटना सहायता प्राप्त नहीं हुई है

6. क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण तथा दिनांक 05/06/07 —— अभी तक कोई जानकारी नहीं है

7. शिकायत के सम्बन्ध में विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण साक्ष्यों सहित। प्रधानाचार्य रा०इ०का० प्रतिफार्म द्वारा आर्थिक सहायता हेतु जिलाधिकारी को पत्र दि० 1-03-07

संलग्नक— (1) प्रथम आवेदन एवं स्मरणपत्र (2)
(2) विद्यालय द्वारा अग्रसारित पत्र (1)
(3) मतदान ड्यूटी पत्र (1)
(4) चिकित्सालय का भर्ती पत्र (1)
(5) मेडिकल बिल (1)
(6) X-Ray रिपोर्ट (1)
(7) रौड बिल (1)
(8) डिस्चार्ज पत्र (1)
कुल (09) नौ.

दिनांक 05/06/07

रामसुमरनी

शिकायतकर्त्ता के हस्ताक्षर

sssss-mc

प्रेषक,

जिला निर्वाचन अधिकारी
उधमसिंहनगर।

सेवा में,

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
उधमसिंहनगर।

पत्रांकः– 592/29–वि0स0नि0/2007/दुर्घटना सहायता/ दिनांक 15 अप्रैल,2007

विषयः– **विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2007 निर्वाचन ड्यूटी से सामग्री जमा कर वापसी के समय हुई दुर्घटना की आर्थिक सहायता के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या 405/29–वि0स0नि0/दुर्घटना सहायता/दिनांक 08मार्च, 2007 का सन्दर्भ ग्रहण करें। दिनांक 1 मई 2007 की छाया प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध करना है कि श्री जीवनराम, दफतरी, रा0इ0ई0कालेज, शक्तिफार्म निर्वाचन ड्यूटी से सामग्री जमा करने के पश्चात वापसी के समय किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिये जाने के कारण पैर टूट जाने पर ईलाज अच्छी एवं समुचित सुविधा हेतु आर्थक सहायता की माँग की गयी थी। तथा गश्ती पुलिस की सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती कराया जाना अवगत कराया गया है। कृपया इस सम्बन्ध में आवश्यक जाँच करा कर वस्तुस्थिति से शीघ्र इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। ताकि आर्थिक सहायता हेतु शासन को अवगत कराया जा सके।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय

अपर जिला मजिस्ट्रेट
उप जिला निर्वाचन अधिकारी
उधमसिंहनगर।

प्रतिलिपिः– 1–प्रधानाचार्य, रा0इ0का0,शक्तिफार्म, उधमसिंहनगर के उनके उपरोक्त पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

2–मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून का सूचनार्थ प्रेषित।

अपर जिला मजिस्ट्रेट
उप जिला निर्वाचन अधिकारी
उधमसिंहनगर।

प्रेशक

जिला निर्वाचन अधिकारी
उधमसिंह नगर

सेवा में

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
उधमसिंहनगर।

पत्रांक    29,विधानसभा नि0 07 / दुर्घटना सहायता / 07    दिनांक    मार्च 07

विशयः    विधानसभा निर्वाचन 2007--निर्वाचन ड्यूटी से सामग्री जमा कर वापसी के समय हुई दुर्घटना की आर्थिक सहायता के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रधानाचार्य रा0 ई0 का0शक्तिफार्म (उधमसिंहनगर)के पत्र संख्या 344 / 1 / सहायता / 2006--07 दिनांक 1.3.2007 की छाया प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध करना है कि श्री जीवनराम दफ्तरी रा0ई0का0 शक्तिफार्म निर्वाचन ड्यूटी से सामग्री जमा करने के पश्चात वापसी के समय किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिये जाने के कारण पैर टूट जाने पर इलाज अच्छी एंव समुचित सुविधा हेतु आर्थिक सहायता का मांग की गयी है। तथा अवगत कराया गया है कि गश्ती पुलिसकी सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती कराया जाना अवगत कराया गया है। कृपया इस सम्बन्ध में आवश्यक जॉच कर ... वस्तुस्थिति से शीघ्र इस कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें । ताकि आर्थिक सहायता हेतु शासन को अवगत कराया जा सके।

**संलग्नकः यथोपरी**

भवदीय

अपर जिला मजिस्ट्रेट /
उप जिला निर्वाचन अधिकारी
उधमसिंहनगर।

प्रतिलिपिः प्रधानाचार्य रा0ई0का0 शक्तिफार्म(उधमसिंहनगर) को उनके उपरोक्त पत्र के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

अपर जिला मजिस्ट्रेट /
उप जिला निर्वाचन अधिकारी
उधमसिंहनगर।

प्रेषक - **प्रधानाचार्य**
राजकीय इन्टर कालेज
शक्तिफार्म(ऊधमसिंह नगर)

सेवा में,

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी
ऊधम सिंह नगर

पत्रांक - 340 / सहायता / 2006-07 दि० - 1-03-07

महोदय

सूच्य है कि इस विद्यालय के दफ्तरी श्री जीवन राम की ड्यूटी विधान सभा निर्वाचन - 2007 को पार्टी संख्या 669 मतदान अधिकारी तृतीय के रूप में मो० ब० प० इन्टर कालेज चकरपुर खटीमा में $\frac{63}{114}$ बूथ न० 2 में निर्वाचन कार्यालय से लगायी गयी थी। श्री जीवन राम ने आप को एक कुछ सूचित किया है कि दि० 21-2-07 को पोलिंग समाप्त करके, पीठासीन अधिकारी के साथ चुनाव से सम्बन्धित पत्रजात जमा करने के बाद, पेट दर्द एवं तबियत खराब होने पर सड़क के किनारे बैठ गया था। अचानक किसी वाहन के टक्कर मारने के बाद बेहोश हो गया था। गश्ती पुलिस की सहायता करने पर जिला अस्पताल रुद्रपुर में तत्काल इलाज हेतु भर्ती कराया गया। श्री जीवन राम अस्पताल के कमरा न० 77 बेड न० 04 में भर्ती हो कर इलाज करा रहा है। दुर्घटना में श्री जीवन राम की टांग टूट गयी है।

अतः आप से अनुरोध है कि श्री जीवन राम का इलाज अच्छी एवं समुचित सुविधा हेतु आर्थिक सहायता दिलाने की महती कृपा करेंगे।

संलग्नक -
1. श्री जीवन राम दफ्तरी का प्रेषित प्रार्थना पत्र की फोटो प्रति।

भवदीय
(के० एस० दानू) 01-03-07
प्रधानाचार्य
राजकीय इन्टर कालेज
शक्तिफार्म(ऊधमसिंह नगर)

प्रतिलिपि -
1. मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊधम सिंह नगर
2. जिला शिक्षा अधिकारी ऊधम सिंह नगर
3. सम्बन्धित कर्मचारी

प्रधानाचार्य
राजकीय इन्टर कालेज
शक्तिफार्म(ऊधमसिंह नगर)

संख्या-G/1598/मु.मं.का.ज.आ./2007

प्रेषक,

अरूणेन्द्र सिंह चौहान
विशेष कार्याधिकारी,मुख्यमंत्री
उत्तराखण्ड शासन ।

सेवा में,

श्रीमती राम सुमरनी
वार्ड नं0-3, पुराना पावर हाउस के पास,
पो0-टनकपुर,
जिला-चम्पावत, उत्तराखण्ड ।

देहरादून - दिनाकं : 14 जून, 2007

विषय :- **चुनाव ड्यूटी के दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई दुर्घटना में सरकारी स्तर पर कोई सहायता प्राप्त न होने व 3 माह से वेतन न मिलने के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपर्युक्त विषयक आपका पत्र जो मा. मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित है, आवश्यक कार्रवाई हेतु जिलाधिकारी, चम्पावत को भेज दिया गया है ।

यदि आप आवश्यक समझें तो कृपया उक्त के सम्बंध में सम्बन्धित अधिकारी से सम्पर्क करें । आपकी शिकायत संख्या - G/1598/2007(1) है । कृपया भविष्य में इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु इस संख्या का प्रयोग करें ।

भवदीय

(अरूणेन्द्र सिंह चौहान)
विशेष कार्याधिकारी,मुख्यमंत्री

प्रषक,

जिलाधिकारी,
चम्पावत ।

सेवा में,

जिला निर्वाचन अधिकारी,
उद्यमसिहनगर ।

संख्या–4617 / इक्तीस– / 2007, (सा0लि0) दिनांक 27.06.2007

विषय– दुर्घटना मुआवजा के सन्दर्भ में ।

महोदय

कृपया उपरोक्त विषयक विशेष कार्याधिकारी, मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड शासन देहरादून के पत्र संख्या–985 / G / 1598 / 2007 (1) दिनांक 14.06.2007 का संदर्भ ग्रहण कर जिसके साथ श्रीमती रामसुमरनी पत्नी जीवन राम ग्राम टनकपुर वार्ड नं0–3 पुराना पावर हाउस के पास तहसील टनकपुर के पति निर्वाचन डियूटी में खटीमा में मतदान अधिकारी तृतीय के रूप में तैनात थे, जिनका चुनाव ड्यूटी के समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी वांया पैर टूट गया है । जिसका मुआवजा अभी तक नही मिल पाया है के सम्बन्ध में अनुरोध किया गया है के प्रार्थनापत्र को मूल में संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है । कृपया सम्बन्धित बिन्दु पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुये कृत कार्यवाही से तत्काल इस कार्यालय को भी अवगत कराये, ताकि विशेष कार्याधिकारी, मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड शासन देहरादून को अवगत कराया जा सके ।

**संलग्न–प्रार्थनापत्र मूल में–11**

**भवदीय,**

**प्रभारी अधिकारी,**
**कृते जिलाधिकारी, चम्पावत ।**

**प्रतिलिपि–** श्रीमती रामसुमरनी पत्नी जीवन राम ग्राम टनकपुर वार्ड नं0–3 पुराना पावर हाउस के पास तहसील टनकपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

27/6/7

**प्रभारी अधिकारी,**
**कृते जिलाधिकारी, चम्पावत ।**

प्रेषक,

जिला निर्वाचन अधिकारी,
उधमसिंहनगर।

सेवा में,

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
उधमसिंहनगर।

पत्रांकः 655/29–जि0स0निर्वा0/2007(दुर्घटना सहायता) दिनांकः 11 जुलाई 2007

विषयः विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2007–निर्वाचन ड्यूटी से सामग्री जमा कर वापसी के समय हुई दुर्घटना की आर्थिक सहायता के सम्बन्ध में।

---

महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पार्श्वांकित पत्रों की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराते हुए अनुरोध करना है कि श्री जीवन राम, दफ्तरी, रा0 इ0 कालेज,शक्तिफार्म निर्वाचन ड्यूटी से सामग्री जमा करने के पश्चात वापसी के समय किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिये जाने के कारण पैर टूट जाने पर उनके द्वारा ईलाज अच्छी एंव समुचित सुविधा हेतु आर्थिक सहायता की मांग की गई थी, के सम्बन्ध में आवश्यक जॉच करा कर वस्तुस्थिति से शीध्र अवगत कराये जाने का अनुरोध किया गया था, जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है।

1–पत्र सं0 405 दि0 8 मार्च,2007
2–पत्रांक 592 दि0 15 मई,2007

उक्त संदर्भ में उत्तराखण्ड शासन,मुख्यमंत्री कार्यालय, जन शिकायत एंव सुझाव प्रकोष्ठ सं0 985/जी/1598/2007 (1) दिनांक 14–6–2007 जिलाधिकारी,चम्पावत के माध्यम से पुनः प्राप्त हुआ है। (प्रति संलग्न)

अतः अनुरोध है कि उक्त प्रकरण की शीध्र जॉच कराकर जॉच आख्या शीध्र भेजने का कष्ट करें,ताकि संबंधित को आर्थिक सहायता हेतु शासन को भेजा जा सके।

संलग्नःयथोपरि।

**भवदीय,**

**सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी,**
**उधमसिंहनगर।**

प्रतिलिपि श्रीमती रामसुमरी पत्नी जीवन राम, ग्राम–टनकपुर (वार्ड नं0–3),पुराना पावर हाऊस,टनकपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

**सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी,**
**उधमसिंहनगर।**